जेहि जेहि देस धेनु द्विज पावहि। नगर गाऊँ पुर आगि लगावहि!!
धेनु रूप धरि हृदयँ बिचारी। गई तहाँ जहाँ सुर मुनी झारी।।
|| Ram Katha 964 – ❊मानस गौ सूक्त || Barsana ( UP) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 74 | इंदौर, शुक्रवार 26 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ट्रंप ने किया दवाइयों पर 100% टैरिफ लगाने का एलान, पहले दी थी छूट



वॉशिंगटन। अमेरिका में एक अक्तूबर से दवाइयों से लेकर भारी ट्रकों तक आयातित सामान महंगे हो जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दवाइयों, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी, गद्देदार फर्नीचर और भारी ट्रकों पर नए आयात शुल्क यानी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जाएगा।

गुरुवार को उनके सोशल मीडिया पोस्ट से पता चला कि अगस्त में लगाए गए आयात करों और व्यापार समझौतों के बाद भी ट्रंप टैरिफ लगाने के पक्षधर हैं। ट्रंप का मानना है कि इन टैरिफ से सरकार का बजट घाटा कम होगा और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई और ज्यादा बढ़ सकती है और आर्थिक विकास पर भी असर पड़ेगा। खासकर दवाइयों पर टैरिफ का असर भारत के फार्मा उद्योग पर पड़ने की संभावना है।

ट्रंप के दवाओं के आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले का भारत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खासकर देश के दवा निर्माण उद्योग पर। बीते वित्त वर्ष में भारतीय उद्योगों की तरफ से दुनिया को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये (27.9 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हुआ था। इसमें अमेरिका को ही करीब 77 हजार करोड़ रुपये (8.7 अरब डॉलर) की दवाएं निर्यात हुई थीं।

भारत के दवा निर्माताओं के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा है। 2025 के पहले छह महीनों में ही अमेरिका को कुल 32 हजार 505 करोड़ रुपये (3.7 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हो चुका है। ऐसे में 100 फीसदी टैरिफ लगने से अमेरिका में भारत की सस्ती दवाएं भी महंगी दरों पर बिकेंगी।

जिन कंपनियों पर इस टैरिफ का सबसे ज्यादा असर पड़ने की संभावना है, उनमें डॉ. रेड्डीज, सन फार्मा, लुपिन समेत कई कंपनियां शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ट्रंप के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर ब्रांडेड या पेटेंट कराई हुई दवाओं पर पड़ने की आशंका है, हालांकि जेनेरिक दवाओं को लेकर भी संशय की स्थिति है।

### सोयाबीन भावान्तर योजना लागू करेगी सरकार:मुख्यमंत्री बोले-

# किसान मंडी में सोयाबीन बेचेंगे नुकसान की राशि सरकार देगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। सोयाबीन की फसल का पूरा लाभ नहीं मिल पाने के चलते किसानों को घाटे से बचाने के लिए राज्य सरकार ने सोयाबीन भावान्तर योजना लागू करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों का कल्याण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को किसी भी हालत में घाटा नहीं होने देंगे। इसलिए सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावान्तर योजना लागू की जा रही है। इसके साथ ही पीले मोजेक से हुए नुकसान के लिए भी सर्वे कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को सोयाबीन का उचित मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोयाबीन के लिए एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित की है। किसान संघों के सुझाव पर राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष सोयाबीन के किसानों को भावान्तर का लाभ दिया जाएगा।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान पहले की भांति मंडियों में सोयाबीन बेचेंगे। अगर एमएसपी से कम कीमत पर सोयाबीन बिकता है तो किसानों के घाटे की भरपाई भावान्तर योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा की जाएगी। फसल के बेचने के दाम और न्यूनतम समर्थन मूल्य MSP के अन्तर की राशि सीधे सरकार देगी। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा रही है।

यदि मंडी में औसत गुणवत्ता की कृषि उपज बेचने का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम हो लेकिन राज्य सरकार द्वारा घोषित औसत मॉडल भाव से अधिक हो तो किसान को केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य और वास्तविक बिक्री मूल्य के अंतर की नुकसान वाली राशि दी जाएगी। यदि मंडी में कृषि उपज बेचने का मूल्य राज्य सरकार द्वारा घोषित औसत मॉडल भाव से भी कम हो तो किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य और घोषित औसत मॉडल भाव के अंतर की क्षतिपूर्ति दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सागर जिले के जैसीनगर में एक कार्यक्रम में कहा कि मध्यप्रदेश में जहां भी सोयाबीन की फसल अतिवृष्टि अथवा रोग के कारण खराब हुई है, ऐसे सभी क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल क्षति का सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि सर्वे के बाद किसानों को सोयाबीन की फसल की क्षति का समुचित मुआवजा दिया जा रहा है। किसानों को भावांतर भुगतान योजना से उनके खाते में बोनस का पैसा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व में भी फसलों की क्षति पर किसानों को राहत राशि प्रदान की गई है। किसान हितैषी निर्णय पहले भी लिए गए हैं। बाढ़ से प्रभावित किसानों को भी सहायता दी गई। संकट की घड़ी में किसानों के साथ सरकार सदैव खड़ी है।

### निगम आयुक्त बोले-

# पोस्टर-पम्पलेट चिपकाने वालों पर कार्रवाई करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार को भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। पिछले कुछ दिनों से वे लगातार अलग-अलग इलाकों में जाकर सफाई व्यवस्था देख रहे हैं। जंजीरवाला चौराहा, स्नेहलतागंज, राजकुमार ब्रिज, रेलवे स्टेशन, लैंटर्न चौराहा, श्रम आयुक्त कार्यालय, जेल रोड, चिमनबाग, रामबाग, तिलक पथ, हैमिल्टन रोड सहित शहर के अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे।**



जंजीरवाला चौराहा और लैंटर्न चौराहा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख वे नाराज हुए। उन्होंने दरोगा दीपक नाहर और एनजीओ को फटकार लगाई। जीएसआईटीएस रोड पर प्लांटेशन की कटिंग नहीं होने पर सीएसआई जोन-9 पर नाराजगी जताई और गार्डन दरोगा को फटकारते हुए प्लांटेशन की कटिंग करने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र में बने बस स्टॉप पर कचरा हटाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और पोस्टर-पम्पलेट चिपकाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने पोस्टर-पैम्पलेट लगाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने को कहा। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार को भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। पिछले कुछ दिनों से वे लगातार अलग-अलग इलाकों में जाकर सफाई व्यवस्था देख रहे हैं। गुरुवार को वे जंजीरवाला चौराहा, स्नेहलतागंज, राजकुमार ब्रिज, रेलवे स्टेशन, लैंटर्न चौराहा, श्रम आयुक्त कार्यालय, जेल रोड, चिमनबाग, रामबाग, तिलक पथ, हैमिल्टन रोड सहित शहर के अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। जंजीरवाला चौराहा और लैंटर्न चौराहा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख वे नाराज हुए। उन्होंने दरोगा दीपक नाहर और एनजीओ को फटकार लगाई। जीएसआईटीएस रोड पर प्लांटेशन की कटिंग नहीं होने पर सीएसआई जोन-9 पर नाराजगी जताई और गार्डन दरोगा को फटकारते हुए प्लांटेशन की कटिंग करने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र में बने बस स्टॉप पर कचरा हटाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और पोस्टर-पम्पलेट चिपकाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

आयुक्त जंजीरवाला चौराहा से स्नेहलतागंज, राजकुमार ब्रिज और नेहरू पार्क रोड का निरीक्षण करने पहुंचे। रेलवे स्टेशन के पास फुटपाथ क्लियर करने के निर्देश दिए। श्रम आयुक्त कार्यालय परिसर में कचरा मिलने पर यहां सफाई करने और श्रम शिविर परिसर में ग्रीन वेस्ट व कचरा पड़ा होने पर भी सफाई कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसमें शहर की मेन रोड के साथ कॉलोनियों, गलियों और बैकलेन में सफाई व्यवस्था देखी। साथ ही नवरात्रि के तहत माता के पंडाल की रात्रिकालीन सफाई करने और शहर के चौराहों को साफ-सुंदर रखने को कहा। निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, मनोज पाठक, अधीक्षण यंत्री डी.आर. लोधी और स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे।

अति विशाल 'नवरात्रि महामहोत्सव' का चौथा दिन

# देवी के जयकारों की गूंज उठ रही आयोजन स्थल से... धर्ममय हो रहा वातावरण

◆ आचार्य श्री का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे कई जनप्रतिनिधि भी





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में चल रहे **'अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव' में गुरुवार को चौथे दिन भी भक्तों का उत्साह देखते ही बना। भक्तों ने सुबह विशेष साधना के बाद महायज्ञ और फिर देवी भागवत कथा का श्रवण किया। इस धार्मिक आयोजन में आचार्य श्री का आशीर्वाद लेने के लिए हर दिन आम जन और भक्तों के अलावा जनप्रतिनिधि भी पहुंच रहे हैं।**

ये भव्य और अद्वितीय धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक वीआईपी परस्पर नगर में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में हो रहा है। हजारों भक्त पहले दिन से कथा श्रवण और महायज्ञ का लाभ ले रहे हैं। नवरात्रि के चौथे दिन माँ कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की गई। माँ कूष्मांडा को सृष्टि की आदिशक्ति कहा जाता है। उनकी दिव्य मुस्कान से ही सम्पूर्ण ब्रह्माण की रचना हुई। देवी भागवत कथा में भी मां का वर्णन किया गया। आचार्य श्री ने बताया कि मां कूष्मांडा की उपासना से साधक को दीर्घायु, स्वास्थ्य और अपार ऊर्जा का लाभ मिलता है। मां का स्मरण जीवन में अंधकार दूर कर, प्रकाश और आनंद भर देता है। मां की कृपा से साधक की सभी बाधाएं दूर होती है और कार्य सफल होते हैं।

भक्तों ने कथा श्रवण के दौरान देवी के जयकारे लगाए, जिसकी गूंज दूर तक सुनाई दी और आसपास का वातावरण भी धर्ममय हो गया। हजारों की संख्या में यहां आ रहे भक्तों को मां पद्मावती के मंदिर और 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन लाभ भी हो रहे हैं। काशी से आए विद्वान पंडित हर एक मंदिर में विराजे हैं। चौथे दिन भी सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष साधना के बाद काशी से आए 145 विद्वान पंडितों ने 1 करोड़ कुमकुम अर्चन में से 10 लाख कुमकुम अर्चन की आराधना की। दोपहर 3 से 6 बजे तक विशेष महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई, जिसमें देश-विदेश से आए अनुयायियों के साथ शहर और आसपास के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष शामिल हुए।

**अच्छा बोलो, तो सब अच्छा ही होगा** – कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने नवरात्रि के तीसरे दिन बुधवार को देवी भागवत कथा में भक्तों को प्रवचन में बताया कि आप जैसी सोच अपने मन में रखोगे, उसी शक्ति से जुड़ोगे। नकारात्मक बोलोगे, तो नकारात्मक तरंगें आपकी तरफ आकर्षित होंगी। इसलिए, सब अच्छा ही बोलो, तो सब अच्छा ही होगा और सुख ही सुख होगा, क्योंकि हम जो बोलते हैं, वही हमारी तरफ आकर्षित होता है। आप जो चाहते हैं, उसकी बात करो, तो आपकी वह चाहत जरूर पूरी होगी। आज से सभी जीवन की अच्छी चाहत और विचार को अपने मुख से निकालो। आसपास के गांवों और क्षेत्र से आए अपने भक्तों से आचार्य श्री ने विश्वास से जुड़ी बातें भी प्रवचन में बताई।

**जल्दी भोजन के बावजूद लाखों ने किया प्रसाद ग्रहण** – नवरात्रि के तीसरे दिन बुधवार को दोपहर बाद आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं के चलते आयोजन समिति और प्रशासन ने भोजन प्रसादी का समय कम किया। बावजूद इसके दोपहर से शाम तक लाखों भक्तों ने व्रत और सामान्य भोजन प्रसादी का लाभ लिया। आयोजन स्थल पर पहले दिन के मुकाबले हर दिन भक्तों की संख्या में अपार वृद्धि होती जा रही है, जिसके चलते बाहर और अंदर व्यवस्था संभालने के लिए सेवादारों की संख्या भी बढ़ाई गई है। बुधवार को महायज्ञ में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, देवी भागवत कथा में विधायक मधु वर्मा, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, पुष्यमित्र भार्गव और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

**भक्तों को खूब गुदगुदाया कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा और कवियों ने** – बुधवार की रात कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा और अन्य कवियों ने मौजूद भक्तों को खूब गुदगुदाया। उन्होंने मंच से नीचे बैठे नेताओं के लिए कहा कि 'जब तक वर्कर रहोगे, जीतते रहोगे... वर्कर कभी चुनाव नहीं हारता।' इसके बाद उन्होंने खुद को एक बहादूर और राष्ट्रीय कवि बताते हुए कहा कि मैं एक बहादूर कवि हूं, क्योंकि मेरे सुनाने पर एक हिंदू भी हंसता, मुसलमान भी हंसता है और ईसाई भी हंसता। इससे बड़ी राष्ट्रीय रचना और क्या हो सकती है। इसके अलावा शर्मा ने महिलाओं की शक्ति को भी मंच से बताया। अन्य कवि शशिकांत यादव शशि (सबरस कवि), अमन अक्षर (राम गीत फेम) मुंबई, राम भदावर (वीर रस) भिंड, मुन्न बैट्री (हास्य) मंदसौर, दिनेश देसी घी (हास्य के रजनीकांत) शाजापुर और अन्य ने भी महिला केंद्रीत रचनाओं को ही मंच से सुनाया।

**26 सितंबर को आएगी संगीत टीम-** 26 सितंबर को आयोजन स्थल पर विश्व विख्यात संगीतकार नरेंद्र वाणी गोता और उनकी टीम की प्रस्तुति होगी। ये प्रस्तुति देवी भागवत कथा के बाद रात 10 बजे होगी।

यातायात और परिवहन विभाग की बसों पर संयुक्त कार्यवाही

## पीपल्याहाना और मूसाखेड़ी रिंगरोड पर बेतरतीब खड़ी 7 बसों को जब्त कर वसूला 1 लाख 30 हजार जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)





इंदौर। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर और ट्रेफिक पुलिस इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। बसों में ओवरलोडिंग ,अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी सिलसिले में गुरूवार को पीपल्याहाना एवं मूसाखेड़ी के पास रिंग रोड पर बसों के द्वारा आम रास्ता रोककर सवारी बैठाई जा रही थी,सामान भरा जा रहा था और यातायात बाधित किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान सात बसों पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्यवाही कर 1 लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही में यातायात विभाग से एड.डीसीपी श्री नरेश अन्नोटिया के साथ इंदौर आरटीओ श्री प्रदीप शर्मा, एसीपी श्री हिन्दू सिंह मुबेल, एआरटीओ अर्चना मिश्रा, एआरटीओ राजेश गुप्ता,सूबेदार राजू सावले, ट्रेफिक और आरटीओ का अमला उपस्थित रहा।

साथ ही ट्रेवल्स, बस संचालकों से अपील की गई कि वह अपनी बसों को निर्धारित स्थान से ही चलाएं, अन्यथा बसें जब्त की जाएगी। बेतरतीब,निर्धारित स्थानों से भिन्न स्थानों से संचालित बसों की जब्ती की यह कार्यवाही लगातार जारी है।

## छात्राओं से बेड टच करता था अकाउंटेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भंवरकुआं पुलिस ने एक सिरफिरे को पकड़ा है जो देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करता था। आरोपित छात्राओं के बेड टच कर भाग जाता था। पुलिस ने 50 से ज्यादा स्थानों से सीसीटीवी फुटेज निकाले। एक फुटेज में केरी बैग दिखाई दिया और आरोपित धरा गया। आरोपित का हाथ टूट गया है। टीआई राजकुमार यादव के अनुसार पुलिस को दो महीने से शिकायतें मिल रही थी। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय रोड़ और भोलाराम उस्ताद मार्ग,विष्णुपुरी क्षेत्र में छात्राओं को स्कूटर चालक हाथ लगाकर भाग जाता था। पुलिस ने आरोपित को पकड़ने के लिए टीम गठित की और सीसीटीवी फुटेज निकाले। एक स्थान से मिले फुटेज में आरोपित के हाथ में केरी बैग नजर आया। पुलिस क्लाथ मार्केट पहुंची तो व्यापारियों ने बताया छेड़छाड़ करने वाले युवक का नाम हरिओम पुत्र दिनेश है। वह क्लाथ मार्केट में ही अकाउंट का काम करता है। टीआई के अनुसार आरोपित ड्यूटी पर आते जाते वक्त छात्राओं को छेड़ता था। वह गणेशनगर क्षेत्र में किराये से रहा है।

## 18 व्यापारियों का माल लेकर फरार हो गया ट्रक ड्राइवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एक ट्रक ड्राइवर 18 व्यापारियों का माल लेकर फरार हो गया। ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर रावजी बाजार पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज लिया है। राजेंद्र नगर, द्वारकापुरी और रावजी बाजार पुलिस संयुक्त रूप से जांच कर रही है। एक हफ्ते पहले ही नौकरी पर आया यह ड्राइवर ट्रांसपोर्टर की बाइक और मोबाइल भी ले गया। गाड़ी अड्डा निवासी ट्रांसपोर्टर मनीष यादव 'यादव रोड लाइन्स' नाम से ट्रांसपोर्ट चलाते हैं। वे मिनी ट्रक से मानपुर के व्यापारियों का माल भेजते हैं। 21 सितंबर को उन्होंने इंदौर से मानपुर के लिए ट्रक रवाना किया। जिसे मूसाखेड़ी (मूल निवासी बड़वाह) विशाल उर्फ सोनू तोमर चला रहा था। विशाल को ट्रक लेकर निकले काफी समय हो गया था और रास्ते में पड़ने वाले टोल टैक्स पर शुल्क कटने का मैसेज भी नहीं आया। मनीष ने विशाल को कॉल किया, तो उसका मोबाइल बंद था। 5 घंटे बाद विशाल का मोबाइल चालू हुआ तो उसने बताया कि ट्रक खराब हो गया है। विशाल के बताए पते पर मनीष पहुंचे तो उसे चाबी लगा ट्रक तो मिल गया, पर उसमें माल नहीं था और विशाल भी गायब था। मनीष को फोन पर भी कोई रिस्पांस नहीं मिला। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी विशाल को केंट रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास खाली ट्रक खड़ा करते हुए देखा गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने यादव रोड लाइन्स से जुड़े प्रतिष्ठान (शंकर ट्रेडर्स, जय अम्बे ट्रेडर्स, सिंध ट्रेडर्स, श्याम ट्रेडर्स, सुभाष फ्रूड्स, तोतला ब्रदर्स, सच्चानंद ट्रेडर्स, कृष्णा ट्रेडर्स, सतीश ट्रेडर्स, स्वदेशी अब्दुल ट्रेडर्स, रानी इलेक्ट्रिक, सर्विस प्रोविजन, हजारीमल, श्री फलौदी, सतगुरू ट्रेडर्स, अग्रवाल फर्नीचर, सागर एग्रो, नितिन ट्रेडर्स, जानवी ट्रेडर्स) समेत अन्य फर्मों का माल गायब किया। ट्रांसपोर्टर ने बताया कि आरोपी ने पहले गाड़ी खराब होने का बहाना बनाकर उनकी टू-व्हीलर ली थी। इसके बाद मोबाइल गुम होने की बात कही, तो मनीष ने उसे किस्तों पर लिया हुआ मोबाइल भी दे दिया। आरोपी बाइक और मोबाइल लेकर भी फरार हो गया।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंत्री श्री सिलावट ने श्रमदान कर की सफाई और दिया स्वच्छ भारत का संदेश, पौधारोपण भी किया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में इंदौर जिले के शासकीय महाविद्यालय सांवेर में आज सेवा पखवाड़ा अभियान और पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री सिलावट ने मां सरस्वती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया।**





मंत्री सिलावट ने अपने उद्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन को भारत के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चिंतन की महत्वपूर्ण धरोहर बताते हुए कहा कि अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में जोड़ा जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान देकर पं. दीनदयाल जी के सपनों का भारत बनाने में सहभागी बनें।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं सेडमेप द्वारा संपन्न 30 दिवसीय फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रशिक्षण में भाग लेने वाले 38 विद्यार्थियों को मंत्री जी ने प्रमाणपत्र प्रदान किए। इसके अलावा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. किशोर एरण्डे ने स्वागत भाषण देते हुए सेवा पखवाड़ा और पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती के महत्व पर प्रकाश डाला।

### एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधा रोपण किया

कार्यक्रम के अगले चरण में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में 50 पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद मंत्री जी सहित जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय प्रांगण में सफाई की और स्वच्छ भारत का संदेश दिया। वहीं मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जीएसटी और स्वदेशी अभियान के विषय में व्यापारी बंधुओं से संवाद किया, घटे हुए जीएसटी दरों की जानकारी साझा कर पत्रक वितरित किए। साथ ही सभी से अधिक से अधिक स्वदेशी अपनाने का आग्रह भी किया। सिलावट कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में यह Next Gen GST रिफॉर्म न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति देगा बल्कि अन्नदाता किसानों, उद्योग जगत और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाकर 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को वास्तविकता में बदलने में भी मदद करेगा। इस अवसर पर सर्वश्री भारत सिंह चौहान, दिलीप चौधरी, सतीश मालवीय, संदीप चंगेड़िया, सुरेसिंह धनखेड़ी, जीतूराज राठौर, तुफान सिंह, दिनेश परमार, आशीष कुमार जैन, जयदीप कानूनगो, रायसिंह डाबी, इंद्रेश चावड़ा, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एक्स गर्लफ्रेंड पर एक्टिवा चढ़ाई

## दोबारा लिव-इन में रहने का दबाव बना रहा था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक युवक ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को तेज रफ्तार एक्टिवा से टक्कर मार दी। वारदात के बाद वह मौके से भाग गया। आरोपी उस पर दोबारा लिव-इन में रहने का दबाव बना रहा था। इसके लिए युवती ने मना कर दिया। इससे बौखलाए युवक ने उस पर हमला कर दिया।

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के अनुसार, घटना बुधवार (24 सितंबर) शाम की है। कल्पना नगर इलाके में आरोपी राजेंद्र चौरसिया ने युवती को रास्ते में रोका। उसने फिर साथ रहने की जिद की। युवती ने इनकार कर विरोध किया। दोनों के बीच बहस होने लगी।

गुस्से से आरोपी वहां से निकल गया। वहां से जाते ही वह युवती की ओर एक्टिवा लेकर तेज रफ्तार से आ रहा था। इस दौरान युवती ने खुद को बचाने के लिए हाथ में पत्थर उठा लिया। इसके बाद भी वह रुका नहीं। उस पर तेज रफ्तार से एक्टिवा चढ़ा दी और भाग निकला। गली से आ-जा रहे लोगों ने उसे संभाला और उठाया। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वहीं, युवती ने घटना की शिकायत थाने में कर दी है। पुलिस ने राजेंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ और हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया है। उस पर पहले से भी 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि युवती और राजेंद्र का अफेयर था। कुछ समय तक दोनों लिव-इन-रिलेशनशिप में भी रहे। राजेंद्र को नशे की लत थी। उसका व्यवहार भी हिंसक हो गया था। इससे तंग आकर युवती ने सारे रिश्ते खत्म कर दिए थे। इसके बाद वह मुंबई चली गई। वहां नौकरी करने लगी। इसी महीने युवती के पिता का निधन हुआ, तो वह इंदौर वापस आई। राजेंद्र को भी उसके वापस आने की खबर मिली। वह कल्पना नगर स्थित लड़की घर के आसपास घूमने लगा। बुधवार को उसने युवती को अकेले देखा। उससे साथ चलने को कहा, वह नहीं मानी। गुस्से में आकर उसने एक्टिवा चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने घायल युवती के अस्पताल में बयान दर्ज किए हैं। बयान के आधार आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। राजेंद्र के घर पर बुधवार देर रात दबिश भी दी गई, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा।

# स्वच्छता श्रमदान गतिविधि - एक दिन, एक घंटा, एक साथ

## भारत पर्यटन इंदौर द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता 'श्रमदान गतिविधि - एक दिन, एक घंटा, एक साथ' राष्ट्रव्यापी पहल के तहत भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत भारत पर्यटन इंदौर ने आज एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 बीएसएफ इंदौर के युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया।**



केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने स्वच्छता गतिविधि/सफाई अभियान में भाग लिया। शहर के एक प्रमुख पर्यटन स्थल बीजासन मठ मंदिर इंदौर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भारत पर्यटन इंदौर के अधिकारियों और विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस पहल का उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देना था, साथ ही युवा पीढ़ी में भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था।

इस कार्यक्रम में छात्रों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने मिलकर मंदिर परिसर की सफाई की। इस स्वच्छता अभियान ने न केवल पर्यटन स्थल के रखरखाव में योगदान दिया, बल्कि प्रतिभागियों में स्वामित्व और गौरव की भावना भी जगाई। स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन सहयोग और सामुदायिक भागीदारी की शक्ति का प्रमाण है। इंडिया टूरिज्म इंदौर भविष्य में स्थायी पर्यटन प्रथाओं और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए ऐसी और पहल आयोजित करने के लिए तत्पर है।

# पुलिस जब बैनर हटाने पहुंची तो थाने का घेराव कर विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर स्थित नूरी मस्जिद के सामने गणेश नगर इलाके में सोमवार को कुछ मुस्लिम युवाओं ने नवरात्रि से एक दिन पहले बैनर लगाया, जिस पर 'आई लव मोहम्मद' लिखा था। इस पर विहिप नेता तन्नू शर्मा ने एडीसीपी दीदेश जी अग्रवाल से शिकायत कर बैनर हटाने की मांग की।**



पुलिस जब बैनर हटाने पहुंची तो बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाओं ने थाने का घेराव कर विरोध किया। इसके बाद से ही पूरे शहर में पुलिस ने हालात पर सतर्क नजर बनाए रखी। बुधवार रात बंबई बाजार इलाके में फिर से मुस्लिम समाज के लोग सड़क पर बैनर लगाकर नारेबाजी करने लगे। पढ़रीनाथ, छत्रीपुरा और सराफा थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन युवकों ने उनके सामने भी नारेबाजी जारी रखी। चंदन नगर की घटना के बाद सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों के लोग लगातार धर्म से जुड़े पोस्ट और कमेंट कर रहे हैं। मंगलवार को एक मैसेज वायरल हुआ था, जिसमें रीगल चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करने की बात कही गई थी। हालांकि, पुलिस ने समाज के वरिष्ठजनों से संपर्क कर माहौल शांत कराने की कोशिश की। पुलिस ने पहले ही भड़काऊ पोस्ट और भाषण को लेकर चेतावनी जारी कर दी है और अब सोशल मीडिया की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## सीवेज चेंबर में सफाईकर्मी की मौत

**सतना।** सीवेर की सफाई कर रहे तीन कर्मचारी जहरीली गैस की चपेट में आ गए। एक की मौत हो गई जबकि दो की हालत गंभीर है। हादसा गुरुवार दोपहर कृपालपुर इलाके में त्रिवेणी पैलेस के पास हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस से ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर रस्सी की मदद से तीनों कर्मचारियों को बाहर निकाला। अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने एक कर्मचारी को मृत घोषित कर दिया। दो का इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि तीनों कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर में काम करने उतरे थे।

## झाबुआ की भैंस चोर गैंग को पकड़ा

**रतलाम।** पुलिस ने झाबुआ के भैंस चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा है। इन चोरों ने रतलाम के ग्रामीण क्षेत्रों से भैंस व बछड़े चुराए थे। पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। शेष 4 की तलाश की जा रही है। धामनोद चौकी प्रभारी आनंद बागवान ने बताया कि 16 सितंबर को भारतलाल पिता भंवरलाल चौधरी निवासी बोदिना द्वारा थाना सैलाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रात करीब 11 बजे उसके खेत पर बने मकान में से तीन भैंस व दो भैंस के बछड़े मकान का दरवाजा तोड़कर अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर एक पिकअप को आते जाते देखा है। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 331(4) एवं 305(ए) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया।

## प्रकरण स्वीकृत कर ऋण वितरित कराएं

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग के.सी. गुप्ता ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि बैंकों में लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र स्वीकृत कर ऋण वितरण कराया जाए। अस्वीकृत प्रकरणों की पुनः समीक्षा की जाए तथा छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण प्रकरण अस्वीकृत नहीं किये जाएं। बैठक में निर्णय लिया गया की सेवा पखवाड़ा के अवसर पर 26 एवं 29 सितम्बर 2025 को प्रदेश के सभी बैंक शाखाओं में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए विशेष अभियान आयोजित किया जाए। इस अभियान के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों को आमंत्रित कर स्वीकृत ऋणों का वितरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति के लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विशेष बैठक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय, भोपाल में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश के 19 बैंकों के राज्य समन्वयकों द्वारा भाग लिया गया।

## किसानों को मिलेगा उनकी उपज का वाजिब दाम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में जहां भी सोयाबीन की फसल अतिवृष्टि अथवा रोग के कारण खराब हुई है, ऐसे सभी क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल क्षति का सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि सर्वे के बाद किसानों को सोयाबीन की फसल की क्षति का समुचित मुआवजा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा सोयाबीन की फसल का एमएसपी 5328 रूपये निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी यही रेट दिया जाएगा। किसी भी किसान को घाटा नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में धान पर भी बोनस बढ़ाया गया है। किसानों को भावांतर भुगतान योजना से उनके खाते में बोनस का पैसा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमएसपी से कम दर पर फसल बिकती है तो भावान्तर की राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसानों की जिंदगी बेहतर और खुशहाल बनाने के लिए सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि दी जा रही है। मध्यप्रदेश में लाड़ली बहनों के जीवन में खुशियां लाने के लिए लाड़ली बहनों को दीपावली की भाईदूज से हर माह 1500 रूपये की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास योजनाएं चलाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार के पास धन की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत जैसीनगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया नमन

# राज्य सरकार के लिए मार्गदर्शक हैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सुख की कामना करते हुए एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता ही हमारी संस्कृति और गांवों की व्यवस्था का आधार रही है, यह स्वावलंबन की भावना ही पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का आधार थी। पं. दीनदयाल उपाध्याय और महात्मा गांधी के विचारों में बहुत समानता थी।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव पं. दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिंदूर का पौधा भी रोपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल के विचार राज्य सरकार के लिए मार्गदर्शक हैं। हम प्रदेश के गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों के माध्यम से देशवासियों को बड़ी सौगात दी है। इससे छोटे व्यापारियों और कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और देश के किसानों, कारीगरों, छोटे व्यापारियों की बेहतरी के लिए सभी से स्वदेशी अपनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विजयवर्गीय बोले-

# नेता प्रतिपक्ष सड़क पर बहन का चुंबन करते हैं





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, एजेंसी। मध्यप्रदेश के नगरीय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम पुरानी संस्कृति के लोग हैं। हमारी बहनों के गांव जीरापुर में पानी तक नहीं पीते हैं। मेरे पिताजी घर से पानी का लोटा लेकर आते थे।**

आज के हमारे प्रतिपक्ष के नेता ऐसे हैं कि अपनी जवान बहन को बीच चौराहे पर चुंबन करते हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप में से कौन हैं, जो अपनी जवान बहन-बेटी को बीच चौराहे पर चुंबन करता है। ये संस्कारों का अभाव है। ये संस्कार तो विदेशी संस्कृति के हैं। इसमें उनकी गलती नहीं है। वह विदेश में पले-बढ़े हैं। ऐसे संस्कार का अनुभव है। वह प्रधानमंत्री को भी तू तड़ाक करके बात करते हैं। भाजपा नेता विजयवर्गीय ने ये बात शाजापुर में गुरुवार को एक कार्यक्रम में कही। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बहन प्रियंका के साथ सार्वजनिक कार्यक्रम में अक्सर साथ नजर आते हैं। ऐसे कई वीडियो और तस्वीरें हैं जिनमें राहुल अपनी बहन को गले लगाते या किस करते हुए देखे जा सकते हैं। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मोदी जी के आने के बाद 27 बार राहुल गांधी जगह-जगह चुनाव हारे हैं, क्योंकि देश की जनता उनके साथ नहीं है। उनकी नीतियों के साथ नहीं है। देश की जनता भारतीय जनता पार्टी, एनडीए के साथ है। राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं। वे बेबुनियाद आरोप लगाकर देश में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर मध्य प्रदेश पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा- नवरात्रि जैसे पवित्र अवसर पर मंत्री जी भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर इस प्रकार की बात कर रहे हैं। राजनीति के लिए लाख विषय हो सकते हैं, लेकिन कम से कम भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर इस प्रकार की टिप्पणी न करें। माता रानी उन्हें सद्बुद्धि दें।

### सीएम बोले...

## ओबीसी आरक्षण में जल्दबाजी न करें कांग्रेसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मप्र में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण मामले में कल यानी 24 सितंबर से शुरू होने वाली डेली हियरिंग अब 8 अक्टूबर को होगी। ओबीसी आरक्षण मामले पर हो रही राजनीति पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेताओं को जल्दबाजी न करने की सलाह दी है। सीएम ने कहा- मैं कांग्रेस के मित्रों से भी कहना चाहता हूं कि जल्दी न करें, हम सब साथ हैं उसका लाभ कोर्ट के सामने एकजुटता से ही रहेगा। अगर जल्दीबाजी करेंगे तो ये ओबीसी वर्ग के लिए भी नुकसान दायक रहेगा। ये किसी वर्ग के लिए भी ठीक नहीं है। हमारी सरकार ने स्पष्ट किया है। सर्वदलीय बैठक करके, कोर्ट के सामने दस्तावेज भी रखे हैं। हमने सर्वानुमति से यह पक्ष भी रखा है कि 13% प्रतिशत जो पद होल्ड हैं उन्हें अनहोल्ड करें। सीएम ने कहा चूंकि, 15 हजार से ज्यादा दस्तावेज फाइल हुए हैं तो उन्होंने कहा कि थोड़ा समय हमें दो। 8 तारीख को न्यायालय फिर इस मामले को सुनेगा। हमने कहा जब भी सुनें लेकिन, हमारे सभी पक्षों का ध्यान रखें।

## नीमच, भिंड, मुरैना और श्योपुर से मानसून विदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के साथ मध्यप्रदेश से भी मानसून की विदाई शुरू हो गई है। 4 जिले- नीमच, भिंड, मुरैना और श्योपुर से सबसे पहले मानसून विदा हुआ है। अगले 2 से 3 दिन में प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में और विदाई हो सकती है। गुरुवार को मंडला-रीवा में पौने 2 इंच पानी गिरा। वहीं, उज्जैन, जबलपुर, सतना, सिवनी, सीधी, उमरिया और बालाघाट में हल्की बारिश दर्ज की गई। भोपाल में तेज धूप खिली। इससे गर्मी और उमस का असर रहा। इंदौर, ग्वालियर में भी मौसम साफ रहा।

## मंदसौर मेडिकल कॉलेज में पहला देहदान

**मंदसौर, एजेंसी।** सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज में पहला स्वैच्छिक देहदान हुआ। पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कलेक्टर ने कहा इस पार्थिव शरीर का उपयोग अनुसंधान के लिए किया जाएगा। उन्होंने इस निर्णय को पीढ़ियों के लिए प्रेरणा देने वाला बताया। मेघदूत नगर निवासी सोहन बाई कंकरेचा के परिवार ने उनके पार्थिव शरीर का दान किया है। उनके पति ने भी अपनी मृत्यु के बाद देहदान करने फार्म भरा। गुरुवार को पुलिस जवानों ने सोहनबाई के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर कलेक्टर अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज के डीन भी उपस्थित थे।

# बिना फर्स्ट एड बॉक्स के चल रही बसों के विरुद्ध सख्ती

### फर्स्ट एड बॉक्स नहीं पाए जाने पर नहीं मिलेंगे परमिट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में परिवहन विभाग ने 22 सितम्बर से वाहनों की चेकिंग के लिये एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान इस बात पर विशेष ध्यान दे रहा है कि बगैर फर्स्ट एड बॉक्स के वाहन सड़क पर न चलें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये थे कि यात्रियों की सुरक्षा के लिये बसों में फर्स्ट एड बॉक्स अनिवार्य रूप से हो। परिवहन विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 1718 यात्री बसों की जाँच की गई और जिन बसों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं पाये गए उन पर चालानी कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री बसों को परमिट जारी करने के पहले फर्स्ट एड बॉक्स की जाँच की जाये। फर्स्ट एड बॉक्स न होने पर विभाग परमिट जारी नहीं करेगा।

## संपादकीय

# भारत को अपनी सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत

अपने लड़ाकू विमानों के लिए भारत फ्रांस में बने इंजन खरीदने की योजना बना रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत और अमेरिका के बीच लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने को लेकर बातचीत धीमी रफ्तार से चल रही। अधिकारियों ने बताया कि भारत अब फ्रांस की कंपनी Safran SA से इंजन खरीदने के बारे में बात कर रहा है। अपनी पहचान नहीं बताते हुए उन्होंने कहा कि अभी इस मुद्दे पर बातचीत चल रही है। ऐसे में तय नहीं है कि भारत फ्रांस की कंपनी से इंजन खरीदेगा या मिलकर बनाएगा। भारत का Tejas Mark-2 लड़ाकू विमान अमेरिका में बने GE F-414 इंजन से चलने वाला था। राष्ट्रपति बाइडेन के समय में भारत और अमेरिका ने मिलकर इंजन बनाने पर सहमति जताई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते थे कि भारत हथियारों के लिए रूस पर कम निर्भर रहे। अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका के साथ हाल के समय में बातचीत धीमी हो गई है। हालांकि, दोनों देश GE F-414 इंजन को भारत में बनाने के बारे में अभी भी वार्ता कर रहे। भारत लगभग 200 नए फाइटर जेट्स बनाना चाहता है। ये जेट ब्रिटेन में बने जगुआर और फ्रांस में बने मिराज-2000 की जगह लेंगे। ये फाइटर जेट अभी भी उड़ रहे, लेकिन जल्द ही रिटायर हो जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि भारत को अपनी सुरक्षा को मजबूत करने की तुरंत जरूरत है। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसे हालात बन गए थे। दोनों देशों के बीच एयर स्ट्राइक, ड्रोन हमले, मिसाइल अटैक और गोलीबारी भी हुई थी। भारत के पास लड़ाकू विमानों की कमी है। वह दुनिया की बड़ी हथियार कंपनियों के साथ मिलकर ज्यादा विमान बनाना चाहता है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, भारत हथियारों का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है। लेकिन मोदी सरकार चाहती है कि भारत अपने हथियार खुद बनाए। इस साल भारत ने पहली बार प्राइवेट कंपनियों को भी फाइटर जेट्स बनाने की इजाजत दी है। ये कंपनियां पुराने जेट की जगह नए लड़ाकू विमान बनाएंगी। भारत और अमेरिका के रिश्ते कुछ समय से ठीक नहीं चल रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आने वाले सामान पर 50 फीसदी टैक्स लगा दिया था। यह इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा है। फिर भी, दोनों देशों के बीच टैरिफ पर बातचीत जारी है।


## OSHO कहिन

"सच्ची खुशी वही है जो आपके अस्तित्व से आती है, न कि वस्तुओं से।"



## महिला जगत

# भारत की 7 सबसे अमीर महिलाएं और उनकी प्रेरणादायक कहानी



**शारदीय नवरात्रि का पर्व देवी शक्ति, नारी शक्ति की पूजा और सम्मान का प्रतीक है। इस नौ दिनों में हम माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों का वंदन करते हैं जो शक्ति, बुद्धि, धैर्य और समृद्धि का प्रतिनिधित्व हैं। महिलाओं का सशक्त होना यानी समाज की प्रगति; जब नारी आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती है, जब उसकी आवाज़, फैसले और योगदान बराबरी पर हों, तभी वास्तविक समानता संभव है। आज की महिलाएं सिर्फ परिवार की देखभाल ही नहीं करतीं, बल्कि उद्योग-धंधे, विज्ञान, स्टार्ट-अप्स, फार्मा और टेक्नोलॉजी में बेस्ट परफ़ॉर्म कर रही हैं। आइए इस नवरात्रि पर जानें भारत की टॉप 9 सबसे अमीर महिलाओं के बारे में जो न सिर्फ धन कमाने वाली हैं, बल्कि प्रेरणा देने वाली भी हैं।**

## भारत की 9 सबसे अमीर महिलाएं 2025

### ◆ सावित्री जिंदल

लगभग 34-38 अरब डॉलर की कुल संपत्ति की मालिकन हैं। ओपी जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष हैं जो कि स्टील, पावर, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम करने वाला कंपनी है। उन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद ग्रुप की बाग़डोर संभाली। राजनीति में भी सक्रिय रही हैं।

### ◆ रेखा झुनझुनवाला

उनके पास लगभग 8 अरब डॉलर की कुल संपत्ति है। वह देश की दिग्गज निवेशक हैं जो कि शेयर, पोर्टफोलियो आदि के जरिए उन्नति कर रही हैं। उनके निवेशों ने टाइटन, टाटा मोटर्स जैसे बड़े कंपनियों में योगदान दिया है।

### ◆ रेणुका जगतियानी

लगभग 5.6 अरब डॉलर की मालकिन रेणुका लैंडमार्क ग्रुप से जुड़ी हैं जो कि रिटेल एवं हॉस्पिटैलिटी का व्यापार करता है। वह ग्लोबल स्तर पर मार्केट विस्तार के लिए प्रसिद्ध है।

### ◆ स्मिता कृष्णा गोदरेज

लगभग पांच अरब डॉलर की कुल संपत्ति की मालकिन स्मित कृष्णा गोदरेज देश के बड़े व्यापार समूह Godrej Group, उपभोक्ता सामान, रीयल एस्टेट आदि से जुड़ी हैं। वह समाजसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण में रुचि रखती हैं। स्मिता ने पारिवारिक उद्योग को आगे बढ़ाया है।

### ◆ किरण मजूमदार शॉ

किरण मजूमदार शॉ पहली पीढ़ी की महिला उद्यमी है। उनकी कंपनी फार्मा या बायो टेक्नोलॉजी में नवाचार का एक नमूना है। अपने दम पर किरण मजूमदार ने कंपनी को उस मुकाम पर पहुंचा दिया कि आज वह 3.4 अरब डॉलर की मालकिन हैं।

### ◆ फाल्गुनी नायर

फाल्गुनी नायर नायका नाम के सौंदर्य प्रसाधन की संस्थापक है। ये ब्रांड भार के ई-कॉमर्स में टॉप कंपनी में शामिल है। स्टार्ट अप मॉडल से शुरू हुए नायका ने आज घर-घर में अपनी पहचान बना ली है। लगभग चार अरब डॉलर की कुल संपत्ति की मालकिन फाल्गुनी नायर डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांड निर्माण की मिसाल हैं।

### ◆ लीना तिवारी

लगभग साढ़े तीन अरब डॉलर की संपत्ति की मालकिन लीना तिवारी फार्मा / बायोटेक कंपनी यूएसवी फार्मा की मालकिन हैं। उनकी कंपनी स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान दे रही है। लीना अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दे रही हैं।

New Delhi

# पहले डाक मतपत्र, तभी EVM की काउंटिंग, विपक्ष के दबाव के बाद EC ने बहाल किया पुराना नियम

**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने डाक मत-पत्रों और ईवीएम पर डाले गए मतों की गिनती को अलग करने के अपने 2019 के फैसले को पलट दिया है। बिहार चुनाव से पहले आयोग ने गुरुवार (25 सितंबर) को मतगणना प्रक्रिया में बदलाव करते हुए डाक मत-पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक विधि से भेजे गये डाक मत-पत्रों (ETBP) की गिनती हर हाल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) के मतों की अंतिम दो दौर की गणना से पहले पूरा कराने का निर्णय लिया है। आयोग की तरफ से कहा गया है कि ऐसा इसलिए किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी डाक मत-पत्रों




की गिनती के बाद ही ईवीएम की गिनती पूरी हो। चुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा, 'ईवीएम/वीवीपैट की गिनती का अंतिम से पहले (दूसरा आखिरी) दौर तब तक शुरू नहीं किया जाएगा, जब तक मतगणना केंद्र पर डाक मत-पत्रों की गिनती पूरी नहीं हो जाती।' आयोग ने कहा कि यह निर्णय मतगणना प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने और डाक मत-पत्रों की गिनती में आवश्यक स्पष्टता प्रदान करने के लिए लिया गया है। विपक्षी दल लगातार इस बदलाव की मांग कर रहे थे और चिंता व्यक्त कर रहे थे कि अंतिम समय में खारिज किए गए या वैध ठहराए गए डाक मतपत्रों की संख्या के आधार पर चुनाव में हार-जीत का अंतर प्रभावित हो सकता है।

New Delhi

# 'विधवा-निसंतान महिला की संपत्ति पर ससुरालवालों का अधिकार'



**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदू समाज में कन्यादान की परंपरा है, जिसके तहत जब एक महिला शादी करती है, तो उसका गोत्र (कुल या वंश) भी बदल जाता है। ऐसे में विधवा और निसंतान हिंदू महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी, न कि उसके अपने माता-पिता को।**

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(1)(बी) को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत, अगर किसी विधवा और निसंतान हिंदू महिला की बिना वसीयत के मौत हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके ससुरालवालों को मिल जाती है।

सुप्रीम कोर्ट की एकमात्र महिला जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा- हमारे हिंदू समाज की जो संरचना पहले से है, उसे नीचा मत दिखाइए। महिलाओं के अधिकार जरूरी हैं, लेकिन सामाजिक संरचना और महिलाओं को अधिकार देने के बीच बैलेंस होना चाहिए।

Chhattisgarh

# छात्रा के साथ 3 दरिंदों ने किया दुष्कर्म

**कवर्धा**। शहर में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात ने पूरे जिले को दहला दिया। महिला थाना क्षेत्र अंतर्गत महेंद्रा शोरूम के पास से युवती को बहला-फुसलाकर तीन अज्ञात युवक सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी उसे बस स्टैंड के पास छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल में गुस्साई भीड़ उमड़ पड़ी और पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस के अनुसार पीड़ित छात्रा सोमवार देर रात अपने साथी युवक के साथ किराए के कमरे में ठहरी हुई थी। किसी बात पर विवाद होने के बाद युवती अकेली ही रूम से निकलकर बस स्टैंड की ओर चली गई। इसी दौरान तीन युवक उसे अपने साथ ले गए। आरोप है कि सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद आरोपियों ने उसे बस स्टैंड के पास छोड़ दिया और फरार हो गए। घटना सोमवार देर रात लगभग 3 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

Uttarpradesh

# मदरसे के टॉयलेट में बंद मिलीं 40 बच्चियां

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की पयागपुर तहसील क्षेत्र की एक तीन मंजिला इमारत में संचालित कथित अवैध मदरसा में निरीक्षण के दौरान उसके शौचालय में 40 नाबालिग बच्चियां संदिग्ध हालात में बंद पायी गयीं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मदरसा को तत्काल बंद कराने और बच्चियों को सुरक्षित उनके घर भिजवाने के निर्देश दिए हैं।



पयागपुर तहसील के उप जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडे ने बताया कि पयागपुर तहसील के पहलवारा गांव में तीन मंजिला भवन में अवैध मदरसा संचालित होने की शिकायत पर वह अपनी टीम के साथ बुधवार को उसका निरीक्षण करने गये थे। उन्होंने बताया, "मदरसा संचालकों ने पहले तो हमें ऊपर जाने से रोका। पुलिस बल की मौजूदगी में जब हमने मदरसा में प्रवेश किया तो छत पर बने शौचालय का दरवाजा बंद मिला। महिला पुलिस बल ने दरवाजा खुलवाया तो शौचालय में छिपी 40 बच्चियां एक-एक कर बाहर आने लगीं। सभी की उम्र नौ से 14 वर्ष के बीच है। बच्चियां सहमी हुई थीं और कुछ बता नहीं पा रही थीं।"

खेल

### वेस्टइंडीज सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान

# करुण को नहीं मिली जगह, जडेजा बने उपकप्तान

**मुंबई। वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी, जबकि रवींद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो अक्तूबर को दो मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के बाद पहली बार भारतीय टीम टेस्ट मैच खेलने उतरेगी।**

वेस्टइंडीज के खिलाफ ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। टीम के अनुभवी विकेटकीपर ऋषभ पंत चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं जिस कारण इस सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया गया है। पंत इंग्लैंड दौरे पर उपकप्तानी का



जिम्मा भी संभाल रहे थे और उनकी अनुपस्थिति में अब यह जिम्मेदारी रवींद्र जडेजा को सौंपी गई है। यह पहले से ही तय माना जा रहा था कि पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसे में जुरेल पर जिम्मेदारी होगी जिन्होंने इंग्लैंड दौरे पर भी पंत की अनुपस्थिति में विकेट के पीछे जिम्मेदारी निभाई थी। विकेटकीपर के तौर पर जुरेल पहली पसंद हैं, जबकि बैकअप के तौर पर एन जगीदशन को भी टीम में जगह दी गई है।

एशिया कप में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रामण की अगुआई कर रहे जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ आराम नहीं दिया गया है। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के कार्यभार प्रबंध का ध्यान रखा गया था और उन्होंने पांच में से सिर्फ तीन मैच ही खेले थे। इसे देखते हुए माना जा रहा था कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के मद्देनजर बुमराह को इस सीरीज से आराम मिल सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बात की भी पूरी संभावना है कि बुमराह प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे। वहीं, उनके साथ मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।

इंग्लैंड दौरे से आठ साल बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाले करुण नायर को वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम में जगह नहीं दी गई है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल पर आखिरी टेस्ट में अर्धशतक जमाने वाले करुण ने सभी पारियों में अच्छी शुरुआत की। वह खराब फॉर्म में नहीं थे लेकिन ज्यादा रन नहीं बना सके। इसके बाद उनकी अंगुली में चोट लग गई और वह दलीप ट्रॉफी नहीं खेल सके। दूसरी ओर, सरफराज खान को एक बार फिर टेस्ट टीम में जगह नहीं दी गई है। सरफराज पिछले कुछ समय से अपनी फिटनेस पर भी काम कर रहे थे और उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रन बनाए थे, लेकिन चयनकर्ताओं ने इस सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना है।

सिनेमा

# इस एक्टर के साथ वन नाइट स्टैंड करने के लिए तैयार अमीषा पटेल, कहा- वह ऐसे मर्द हैं जिनके लिए मैं...



अमीषा पटेल वैसे हमेशा अपनी पर्सनल लाइफ को लाइमलाइट में आने से बचाती हैं। अभी तक अमीषा अनमैरिड हैं। फैंस भी जानना चाहते हैं कि वह शादी कब करेंगी। अब अमीषा ने खुद प्यार, क्रश और वन नाइट स्टैंड तक बात की। अमीषा ने बताया कि वह एक एक्टर के साथ वन नाइट स्टैंड कर सकती हैं और उसके लिए अपने सारे प्रिसिंपल को साइड में कर सकती हैं। दरअसल, रणवीर अलाहबादिया के पॉडकास्ट में अमीषा से उनके सेलिब्रिटी क्रश के बारे में पूछा और एक्ट्रेस ने तुरंत हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज का माम लिया। अमीषा ने कहा, 'टॉम क्रूज मेरे क्रश हैं। अगर आप उनके साथ पॉडकास्ट करें तो प्लीज मुझे जरूर इन्वाइट करें। मैं बचपन से टॉम क्रूज को पसंद करती हूं। मेरे पेंसिल बॉक्स में उनकी फोटो होती थी, मेरे फाइल्स और उनका ही पोस्टर मेरे रूम में था।' अमीषा ने आगे कहा, 'मैं हमेशा मस्ती में बोलती थी कि वही ऐसे आदमी हैं जिनके लिए मैं अपने सारे प्रिसिपल्स साइड कर सकती हूं। मैं उनके लिए कुछ भी कर सकती हूं। अगर आप मुझसे पूछें कि क्या मैं उनके लिए वन नाइट स्टैंड कर सकती हूं तो हां मैं कर सकती हूं।' वैसे यह पहली बार नहीं जब अमीषा ने टॉम क्रूज को लेकर बात की हो। कुछ साल पहले जब अमीषा से एक इवेंट में पूछा गया था कि किस एक्टर के साथ वह स्विच करना चाहेंगी तो उन्होंने कहा था कोई भी एक्ट्रेस जो टॉम क्रूज के अपोजिट हो। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर उन्हें मौका दिया जाता तो वह टॉम से शादी कर लेतीं।

## Highlights

1. We have problems with India right now: Bangladesh interim chief Yunus
2. Passengers no longer allowed to shoot reels inside Delhi metro
3. Jharkhand launches awareness drive on teen pregnancy
4. Lalit Modi's brother Samir gets bail in rape case
5. Kejriwal to get govt residence within 10 days: SG tells Delhi HC

# SoftBank-backed Oyo said to tap banks for $800-million India IPO



**NEW DELHI, (Agency).** Oravel Stays Ltd., the SoftBank Group Corp.-backed company that operates Oyo Hotels, has hired several banks to arrange an initial public offering that may fetch as much as $800 million in Mumbai, according to people familiar with the matter.

The company, commonly known as Oyo, is working with Axis Bank Ltd., ICICI Securities Ltd., as well as the Indian units of Goldman Sachs Group Inc. and Citigroup Inc. on the share sale, the people said, asking not to be identified as the information is private. It's likely to file a draft prospectus later this year and may add more banks, they said.

The IPO, expected in 2026, will probably comprise a mix of new and existing shares, and value the company at $7-8 billion, the people said. Deliberations are ongoing, and details including size, timing and valuation could change, they said.

Goldman Sachs declined to comment. Oyo, SoftBank, Axis, ICICI Securities and Citi didn't immediately respond to requests for comment.

The company had previously filed draft IPO documents with the Securities and Exchange Board of India in September 2021 for an offering of ₹8,430 crore ($950 million), but the regulator returned the filing in 2023, asking the company to update it with new information.

Founded in 2012 by Ritesh Agarwal, Oyo claims to have served over 100 million customers in 35 countries as of 31 March 2025. The company's brands include Oyo, Motel 6, Townhouse, Sunday, and Palette. Its revenue rose 16% to ₹6,253 crore in its latest fiscal year, according to its annual report. Net income was ₹240 crore.

# Accenture to 'exit' employees who cannot be retrained for an AI world

**NEW DELHI, (Agency).** Accenture Plc has decided to "exit" employees who cannot be retrained in artificial intelligence, as part of a broader restructuring plan to align itself with an increasingly AI-driven world.




"We are reinventing what we sell, how we deliver, how we partner, and how we operate Accenture," Julie Sweet, chief executive officer at the world's largest IT services firm, said in a post-earnings call on Thursday (25 September 2025). "We have expanded our partnerships...we are investing in upskilling our re-inventors, which is our primary strategy."

"We are exiting, on a compressed timeline, people where re-skilling—based on our experience—is not a viable path for the skills we need."

Accenture Layoffs

The phrase "compressed timeline" suggests Accenture is not intending a long phase-out—the exit is happening relatively quickly for those identified as unlikely to be reskilled.

The exits are not related to utilisation, Chief Financial Officer Angie Park said, as this is more strategic and tied to skills mismatch. The exit is part of a "business optimisation program", which also includes divestitures.

सामूहिक आत्महत्या करने की चेतावनी

# सांसद चंद्रशेखर आजाद पर यौन शोषण करने का गंभीर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डॉ. रोहिणी घावरी की मां ने सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी दी है। बता दें, डॉ. रोहिणी घावरी ने उत्तर प्रदेश के नगीना से सांसद चंद्रशेखर रावण पर शादी के नाम शोषण का आरोप लगाया है।**

डॉ. घावरी की मां नूतन घावरी ने बताया कि चंद्रशेखर ने उनकी बेटी की जिंदगी बर्बाद कर दी है। उन्होंने कहा, 'हम प्रधानमंत्री से शिकायत कर चुके हैं और दिल्ली पुलिस से भी मिले, लेकिन अभी तक कोई FIR दर्ज नहीं की गई है।' परिवार का कहना है कि अगर उनकी बेटी को न्याय नहीं मिला तो वे यह कठोर कदम उठाने पर मजबूर हो जाएंगे। वर्तमान में स्विट्जरलैंड में रह रहीं डॉ. रोहिणी ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा करते हुए आत्महत्या करने की बात कही थी, जिसके बाद से परिवार डरा हुआ है। नूतन घावरी ने बताया कि हमें धमकियां भी मिल रही हैं। चंद्रशेखर से जुड़े लोग लगातार हम पर केस नहीं करने के लिए दबाव बना रहे हैं। हमारा पूरा परिवार रात में सो तक नहीं पाता है। हम अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए दर दर भटक रहे हैं और कहीं भी हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। पिता शिव घावरी के अनुसार, बेटी के कहने पर वे दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मिले थे, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि शिकायत के लिए बेटी का खुद आना जरूरी है। इसके बाद डॉ. रोहिणी 8 अगस्त को स्विट्जरलैंड से भारत आईं और परिवार के साथ दोबारा पुलिस कमिश्नर से मिलीं, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिव घावरी ने बताया कि चंद्रशेखर 2022 में उनके घर आया था और उन्हें कांग्रेस छोड़कर भीम आर्मी का प्रदेश अध्यक्ष बनाने का लालच भी दिया था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। बाद में उन्हें पता चला कि उनकी बेटी और चंद्रशेखर शादी करना चाहते हैं, लेकिन कुछ समय बाद यह जानकारी सामने आई कि चंद्रशेखर पहले से शादीशुदा है, जिसके बाद परिवार ने इस रिश्ते से इनकार कर दिया। परिवार का आरोप है कि चंद्रशेखर अपनी शादी की बात छिपाकर डॉ. रोहिणी पर शादी करने का दबाव बनाता था और घंटों वीडियो कॉल पर बात करता था। वहीं जब डॉ. रोहिणी ने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा जाहिर की, तो चंद्रशेखर ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेज दिया। परिवार अब इस नोटिस का कानूनी जवाब तैयार कर रहा है।

# ट्रैक्टर छोड़ने की एवज में दरोगा ने मांगे 10 हजार





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** ट्रैक्टर से भरे मलबे और कचरा देख नगर निगम का सफाई दरोगा ने उसे रोक लिया और छोड़ने के एवज में 10 हजार रुपए मांगे। ट्रैक्टर ड्राइवर ने असमर्थता जताई तो उसने ट्रैक्टर जब्त करने की धमकी दी। इसके साथ ही ट्रैक्टर खड़ा कर ड्राइवर का मोबाइल भी रख लिया और बाकी रुपए लाने को कहा।

इस पर ट्रैक्टर ड्राइवर ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत की। इसके बाद गुरुवार को ड्राइवर ने दरोगा को 3 हजार रुपए दिए। इसी दौरान लोकायुक्त पुलिस ने उसे और उसके साथी सुपरवाइजर को रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ लिया। मामला मनोज चौहान निवासी इंदौर का है। रिश्वतखोर दरोगा गोपाल पटौना ( नगर निगम-22 स्वास्थ्य विभाग) और भरत मुराड़िया (सुपरवाइजर थर्ड आई कंपनी) हैं। मनोज चौहान ने राजेश सहाय (एसपी, लोकायुक्त) से लिखित शिकायत की थी कि उसका ट्रैक्टर C-121 मॉल का मलबा उसकी ही साइट पर ले जाकर डालता है। इसके एवज में उसे प्रति फेरा 500 रुपए मिलते हैं। 24 सितंबर को नगर निगम के दरोगा गोपाल और भरत ने उसका ट्रैक्टर पकड़ लिया और कहा कि मलबा के साथ कचरा भी है। यह भी बताया कि उन्होंने ट्रैक्टर रोक रखा है और इसे छोड़ने के बदले 10 हजार रु. मांग रहे हैं। इस पर एसपी ने सत्यापन कराया तो पता चला कि भरत ने उसी समय 2 हजार रुपए ले लिए और बाकी 3 हजार के लिए गुरुवार दोपहर को बुलाया। यह भी पता चला कि दोनों ने मनोज का मोबाइल भी लेकर रख लिया है। बाकी रुपए लेकर आने को कहा है इस पर दोनों को रंगेहाथों पकड़ने का प्लान तैयार किया गया। इस बीच मनोज ने गोपाल पटौना को 3 हजार रुपए दिए तो उसने लिए और भरत को दे दिए। इसी दौरा गोपाल ने अपने लिए मनोज से मासिक बंदी की मांग भी की। तभी वहां सक्रिय लोकायुक्त टीआई प्रतिभा तोमर, एएसआई रहीम खान, आशीष शुक्ल, लेन्द्र बघेल, आदित्य भदौरिया की टीम ने उसे रंगेहाथों पकड़ लिया।

## ज्वेलर्स ने नकली सोना रखकर बैंक से 21 लाख का लोन लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संयोगितागंज में गोल्ड लोन देने वाली एक बैंक के साथ बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यहां सोने की गुणवत्ता जांचने के लिए नियुक्त किए गए ज्वेलर्स ने ही अन्य साथियों के साथ मिलकर नकली सोना गिरवी रखवाया और लाखों रुपए का लोन ले लिया। संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक, उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, जावरा कंपाउंड में पदस्थ प्रतिनिधि दिनेश कुमार सेन ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अमित पुत्र हरिशंकर शाक्य निवासी भांति नगर छोटा बागडंदा, पारसनाथ पुत्र रामनाथ वाजपेयी निवासी विजयनगर, संजय पुत्र दिलीप सोनी निवासी उमंग पार्क और सुरेंद्र पुत्र कांतीलाल जैन निवासी स्वामी विवेकानंद नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि बैंक सोने के बदले लोन देती है और इसके लिए सोने की शुद्धता की जांच अधिकृत ज्वेलर्स द्वारा की जाती है। संजय सोनी इस काम की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। आरोप है कि जुलाई और अगस्त माह में आरोपियों ने 5 गोल्ड लोन के लिए आवेदन किए और नकली सोना गिरवी रखकर कुल 21 लाख 62 हजार रुपए का लोन हासिल कर लिया। सितंबर माह में बैंक का ऑडिट हुआ, तब इस पूरे घोटाले का खुलासा हुआ। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने पुलिस से शिकायत की।

## पत्नी बच्चों को लेकर मायके गई, पति ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। आजाद नगर इलाके में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार रात उसके मकान मालिक ने शव को फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक मृतक कल्लू (45) पुत्र खिलाल सिंह विश्वकर्मा निवासी अभिषेक नगर है। वह पेशे से हम्माली का काम करता था। कल्लू के रिश्तेदार पप्पू ने बताया कि वह बुधवार दोपहर दो बार मिलने घर आया, लेकिन दरवाजा बंद होने से लौट गया। मंगलवार रात को कल्लू का मकान मालिक से किसी बात पर विवाद हुआ था। अगले दिन वह काम पर भी नहीं गया था। कल्लू की पत्नी कुछ दिन पहले अपने तीन बच्चों को लेकर करमुदिया (जिला बीना) स्थित मायके चली गई थी। प्राथमिक जांच में पुलिस का मानना है कि आत्महत्या के पीछे पत्नी से विवाद की वजह सामने आ रही है। कल्लू कई सालों से इंदौर में रह रहा था, जबकि उसके माता-पिता और भाई गांव में ही रहते हैं।

## फ्रेबिक्रेशन कर्मचारी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में एक फ्रेब्रिकेशन कर्मचारी की मौत हो गई। रेलिंग चढ़ाते समय उसे चक्कर आ गया और वह सड़क पर गिर पड़ा। साथी उसे उपचार के लिए नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार मृतक अक्षय (22) पुत्र धर्मसिंह सोलंकी निवासी अहीरखेड़ी है। वह बुधवार को अपने ठेकेदार आनंद के साथ सुदामा नगर स्थित एक मकान में काम कर रहा था। करीब शाम 5 बजे रेलिंग चढ़ाते समय अचानक चक्कर आने से वह नीचे गिर गया। ठेकेदार उसे यूनिक अस्पताल ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। परिजनों के अनुसार अक्षय पिछले एक साल से आनंद के साथ काम कर रहा था। परिवार में उसकी एक बड़ी बहन और एक छोटा भाई है।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक